वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
समाचार

WESTERN COALFIELDS LIMITED
A Miniratna Company

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 अक्टुबर, 2026

अंक : 533

नराकास (कार्यालय-2), नागपुर की द्वितीय छमाही समीक्षा बैठक सम्पन्न



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), नागपुर की वर्ष 2026-27 की द्वितीय छमाही समीक्षा बैठक होटल सेंटर पॉइंट, रामदासपेठ, नागपुर में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता WCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं नराकास अध्यक्ष डॉ. हेमंत शरद पांडे ने की। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम), मुंबई के उप निदेशक (कार्यान्वयन) श्री हरीश सिंह चौहान विशेष अतिथि एवं प्रेक्षक रहे। बैठक में WCL के निदेशक (वित्त/मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष सहित 60 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समिति के सदस्य कार्यालयों की छमाही हिंदी प्रगति की समीक्षा हुई । समीक्षा अवधि में हिंदी पत्राचार 93.2% तथा फाइलों पर हिंदी में कार्य 77.9% रहा। 46 कार्यशालाओं में 982 अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षित हुए। उप-समिति के गठन, ई-पत्रिका प्रकाशन तथा 16 नवंबर से 31 दिसंबर 2026 के मध्य हिंदी प्रतियोगिताओं एवं संयुक्त राजभाषा कार्यशाला के आयोजन पर भी चर्चा हुई।

बैठक के उपरांत राजभाषा पुरस्कार वितरित किए गए । पुरस्कार वितरण में 50 से अधिक कार्मिकों वाले कार्यालयों में WCL प्रथम, भारतीय खान ब्यूरो द्वितीय तथा परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय तृतीय रहे। यंत्र इंडिया लिमिटेड एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को प्रोत्साहन पुरस्कार मिले। 50 से कम कार्मिकों वाले कार्यालयों में क्षेत्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र, मध्य (इसरो) प्रथम, कपास विकास निदेशालय द्वितीय तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नागपुर मंडल कार्यालय तृतीय रहे। राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान एवं स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को प्रोत्साहन पुरस्कार मिले।

इसी के साथ गृह-पत्रिका पुरस्कार: 'खान भारती' प्रथम, 'यंत्र धारा' द्वितीय तथा WCL की 'प्रगति' तृतीय स्थान पर रही। अतिथियों ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में और अच्छा प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में WCL के महाप्रबंधक (मानव संसाधन/राजभाषा) श्री राजेश कुमार सिन्हा ने स्वागत संबोधन किया। नराकास सचिव एवं वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), WCL श्री उदयवीर सिंह ने गत बैठक की कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा बैठक का संचालन किया।



संयुक्त सचिव एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोयला मंत्रालय द्वारा संवादात्मक सत्र आयोजित



तीन माह के निवारक सतर्कता जागरूकता अभियान–2026 के अंतर्गत भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO) श्री मनोज कुमार गांगेय (IRTS) ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (WCL) मुख्यालय में आयोजित संवादात्मक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने WCL के विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों के साथ सतर्कता, पारदर्शिता एवं सुशासन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर WCL के निदेशक (वित्त)/निदेशक (मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पिछले दो दशकों में डिजिटल पारदर्शिता एवं प्रौद्योगिकी आधारित कार्यप्रणालियों ने कार्यसंस्कृति में सकारात्मक बदलाव लाने, जवाबदेही सुदृढ़ करने तथा सतर्कता संबंधी प्रक्रियाओं को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ WCL के मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO) श्री अजय मधुकर म्हेत्रे (ITS) के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने सार्वजनिक जीवन एवं संगठनात्मक कार्यप्रणाली में नैतिकता, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के व्यापक महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सतर्कता जागरूकता को केवल कार्यस्थल तक सीमित न रखते हुए बच्चों, युवाओं तथा अन्य हितधारकों तक भी विभिन्न जागरूकता एवं जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से पहुंचाया जाना चाहिए।


अपने प्रस्तुतीकरण एवं संवादात्मक सत्र के दौरान मुख्य अतिथि श्री गांगेय ने भ्रष्टाचार की मूल समस्या को समझने तथा उसके अंतर्निहित कारणों और आर्थिक पहलुओं का गहन विश्लेषण करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने गरीब एवं समृद्ध देशों में भ्रष्टाचार की तुलनात्मक स्थिति पर चर्चा करते हुए अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता श्री अभिजीत बनर्जी तथा श्री हन्ना एवं श्री मुलैनाथन के शोध कार्यों का संदर्भ दिया।

सत्र में बेकर एवं स्टिगलर द्वारा वर्ष 1974 में प्रस्तुत कानून प्रवर्तन, कदाचार एवं प्रवर्तन अधिकारियों के पारिश्रमिक (Law Enforcement, Malfeasance and Compensation of Enforcers) से संबंधित महत्वपूर्ण शोध कार्य पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, इंडोनेशिया के एक केस स्टडी तथा कौरनो प्रतिस्पर्धा मॉडल (Cournot Competition Model) के माध्यम से भ्रष्टाचार को मांग एवं आपूर्ति की गतिशीलता से प्रभावित एक आर्थिक गतिविधि के रूप में समझाया गया। प्रस्तुतीकरण के समापन में पाकिस्तान से संबंधित एक लघु केस स्टडी प्रस्तुत की गई, जिसके माध्यम से भ्रष्टाचार की जटिलताओं तथा इसके प्रभावी निराकरण के लिए अपनाए जा सकने वाले विभिन्न उपायों पर महत्वपूर्ण दृष्टिकोण साझा किए गए।

कार्यक्रम में WCL मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। यह संवादात्मक सत्र संगठन में सतर्कता, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक कार्यसंस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

WCL सुरक्षा बोर्ड की 52वीं बैठक नागपुर में संपन्न

सुरक्षा की मशाल लेकर कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगा WCL का प्रत्येक कर्मी – डॉ. हेमंत शरद पांडे



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की 52वीं सुरक्षा बोर्ड की बैठक दिनांक 27 अक्टूबर 2026 को होटल सेंटर पॉइंट, रामदासपेठ, नागपुर में खान सुरक्षा महानिदेशालय (DGMS), पश्चिमी क्षेत्र के उप महानिदेशक श्री बी. बी. सतीयार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में WCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (संचालन) श्री संदीप परांजपे तथा DGMS उत्तरी क्षेत्र के उप महानिदेशक श्री नीरज कुमार तथा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।

बैठक में WCL के निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष, निदेशक (योजना एवं परियोजना) डॉ. अंजनी कुमार, खान सुरक्षा निदेशक (DMS), पश्चिमी क्षेत्र श्री आफताब अहमद, खान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र संख्या-I श्री पी. आर. ठाकुर, खान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र संख्या-II श्री डी. एस. साल्वी, खान सुरक्षा निदेशक (परासिया), उत्तरी क्षेत्र श्री आर. आर. मिश्रा, पश्चिमी क्षेत्र के खान सुरक्षा निदेशक (यांत्रिक) श्री पी. बालकृष्णा, खान सुरक्षा निदेशक (विद्युत) श्री डी. ए. सोमैयाजुलु तथा विभागाध्यक्ष (व्यावसायिक स्वास्थ्य) डॉ. कौशिक सरकार सहित DGMS के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कोयला खदानों की सुरक्षा संबंधी स्थायी समिति एवं कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड के सदस्य श्री सी. जे. जोसेफ तथा स्थायी समिति के सदस्य श्री रमेश बल्लेवार ने भी बैठक में सहभागिता की। WCL सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों में श्री जितेंद्र मल्ल, श्री महेंगी यादव, श्री सुनील कुमार, श्री संजय रामचंद्र खाड़े, श्री कुँवर सिंह, श्री सुनील मोहितकर, श्री स्वप्निल बी. व्यास, श्री डी. वेंकटेश्वरलु, श्री प्रमोद अर्जुनकर, श्री कपिल उत्तमराव वाधई तथा श्री रवींद्र डी. थुने शामिल रहे। बैठक में वेकोलि के सभी क्षेत्रों के क्षेत्रीय महाप्रबंधक, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी, मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, सुरक्षा एवं संरक्षण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में स्वागत संबोधन महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं संरक्षण)/विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश प्रसाद ने किया। महाप्रबंधक (खनन), सुरक्षा एवं संरक्षण श्री शैलकान्त पाण्डेय ने पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वेकोलि में सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न प्रयासों, आधुनिक तकनीकों के उपयोग एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

सुरक्षा बोर्ड की बैठक को संबोधित करते हुए WCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने सुरक्षा को प्रत्येक कर्मी की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि वेकोलि का हर अधिकारी एवं कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर सुरक्षा की मशाल थामे आगे बढ़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल सुरक्षा अधिकारियों का दायित्व नहीं, बल्कि कंपनी के प्रत्येक कर्मी की साझा जिम्मेदारी है।

सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सुरक्षा से जुड़ी किसी भी गंभीर समस्या अथवा चिंता को सदस्य किसी भी समय सीधे प्रबंधन के समक्ष रख सकते हैं। इसके लिए सुरक्षा बोर्ड की बैठकों जैसे विशेष अवसरों की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कंपनी के मुखिया के रूप में वे सुरक्षा से जुड़े प्रत्येक मुद्दे की गंभीरतापूर्वक समीक्षा करेंगे तथा DGMS के मार्गदर्शन एवं सुरक्षा बोर्ड, कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड और स्थायी समिति के सदस्यों के बहुमूल्य सुझावों से प्रभावी समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

बैठक में खदानों में सुरक्षित कार्य परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने, सुरक्षा मानकों का प्रभावी अनुपालन करने तथा निवारक उपायों को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया।



वेकोलि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का शुभारंभ

'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' के संदेश के साथ पारदर्शिता, नैतिकता एवं जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता का आह्वान



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में दिनांक 26.10.2026 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का शुभारंभ वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलाकर किया गया। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक (वित्त एवं मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष, निदेशक (तकनीकी/परिचालन एवं योजना) डॉ. अंजनी कुमार तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे की प्रमुख उपस्थिति रही।

इस अवसर पर अपने संबोधन में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को अपने कार्यों का आधार बनाते हुए राष्ट्र की समृद्धि में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सतर्कता के प्रति सदैव सजग रहना और प्रत्येक दायित्व का निर्वहन सकारात्मक दृष्टिकोण, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ करना आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपने आचरण एवं कार्यप्रणाली में उच्च नैतिक मानदंडों का पालन करने तथा सत्यनिष्ठा को कार्यसंस्कृति का अभिन्न अंग बनाने की अपील की।

इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने अपने संबोधन में कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ाने की दिशा में वेकोलि द्वारा किए जा रहे डिजिटल प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा विकसित विभिन्न डिजिटल पोर्टल्स के माध्यम से कार्यों में मैन्युअल हस्तक्षेप कम हुआ है तथा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिला है। उन्होंने डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग को सुशासन एवं भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यप्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।'

सत्यनिष्ठा से समृद्धि' की थीम पर आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के अंतर्गत वेकोलि मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों में विविध कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन पहलों के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता, नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



सोशल मीडिया प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



WCL द्वारा सोशल मीडिया के महत्व, प्रभावी उपयोग एवं जिम्मेदार व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला का शुभारंभ नागपुर क्षेत्र से प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में वीटीसी, सिल्लेवाड़ा तथा VTC, उमरेड में आयोजित प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन श्री सतीश गबाले, महाप्रबंधक (खनन/जनसंपर्क), WCL द्वारा किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर श्री दीपक वालके, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, उमरेड क्षेत्र तथा श्री सुधीर यादव, वोकेशनल ट्रेनिंग ऑफिसर, VTC उमरेड, डॉ. सुरेश घरडे, उपक्षेत्रीय प्रबंधक, सिल्लेवाड़ा उपक्षेत्र, श्री मनोज सारभाई वोकेशनल ट्रेनिंग ऑफिसर, VTC सिल्लेवाड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में श्री आशीष तायल, वरिष्ठ प्रबंधक (जनसंपर्क), WCL ने फैकल्टी के रूप में वीटीसी, सिल्लेवाड़ा के 26 अधिकारियों एवं 38 कर्मचारियों तथा उमरेड क्षेत्र के 27 अधिकारियों एवं 25 कर्मचारियों को सोशल मीडिया के प्रभावी, सकारात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान कंपनी की सकारात्मक छवि एवं प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करने, तथ्यपरक एवं विश्वसनीय जानकारी साझा करने, भ्रामक सूचनाओं एवं फेक न्यूज़ से बचने, आधिकारिक एवं गोपनीय जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल गोपनीयता के प्रति सजग रहने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया।

यह पहल WCL के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डिजिटल माध्यमों के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक बनाने तथा संगठन की उपलब्धियों, पहलों एवं सकारात्मक कार्यों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



मुख्य सतर्कता अधिकारी, CIL की WCL के क्षेत्रीय महाप्रबंधकों के साथ बैठक



कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO) श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी (IRSE) ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (WCL) के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान WCL के सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधकों (AGMs) एवं विभागाध्यक्षों (HoDs) के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में WCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (CMD) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशकगण एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात WCL के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे (ITS) ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि सतर्कता केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसे सभी विभागों की कार्यसंस्कृति का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए।

CIL के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने अपने संबोधन में 'मिशन CIL@2026: रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म, परफॉर्म एवं इन्फॉर्म' के विजन पर प्रकाश डाला। उन्होंने WCL की उपलब्धियों, विशेषकर डिजिटल परिवर्तन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने WCL द्वारा विकसित एवं संचालित स्वाथ पोर्टल, स्वागत पोर्टल, एनर्जी मैनेजमेंट पोर्टल तथा शस्त्र जैसी महत्वपूर्ण पहलों की प्रशंसा की।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व को भी रेखांकित किया तथा सभी हितधारकों से विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प के अनुरूप अपने प्रयासों को दिशा देने का आह्वान किया। अपने संबोधन के समापन पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई तथा संगठन की नैतिक आचरण, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया।

इस अवसर पर WCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने अपने संबोधन में तीन माह के निवारक सतर्कता जागरूकता अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने निवारक सतर्कता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सतर्कता विभाग द्वारा की गई विभिन्न आईटी पहलों की भी सराहना की।

कार्यक्रम में WCL के निदेशक (वित्त)/निदेशक (मानव संसाधन) श्री बिक्रम घोष, निदेशक (तकनीकी-संचालन) श्री संदीप परांजपे तथा निदेशक (तकनीकी-योजना एवं परियोजना) डॉ. अंजनी कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में WCL मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों एवं विभिन्न क्षेत्रों के क्षेत्रीय महाप्रबंधकों ने सहभागिता की।

यह बैठक संगठन में सतर्कता, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने तथा डिजिटल माध्यमों से निवारक सतर्कता को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।



वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।